तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 17 फरवरी 2026

10 समाधान शिविर में प्रतिनिधि भेजा तो होगी कार्रवाई



10 सीएम कल उचाना में करेंगे रैली को संबोधित



## खबर संक्षेप

### रेलगाड़ी में मिला अज्ञात महिला का शव

**जींद।** दिल्ली जाने वाली 64912 डीएमयू में सोमवार को एक महिला का शव बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस को मृतका के पास से ऐसा कुछ नही मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। रेलवे पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है।

### हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**राजौंद।** गांव जलमाना के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए राजौंद निवासी कुलदीप की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक कुलदीप करनाल स्थित कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में कार्यरत था। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलदीप अपनी ड्यूटी पूरी कर करनाल से राजौंद स्थित घर लौट रहा था।

### धोखाधड़ी करने के दो आरोपित भेजे जेल

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर आठ लाख 90 हजार रुपये हड़पने के दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपितो की निशानदेही पर 60 हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### पैसे जमा होने का फर्जी मैसेज भेज 25 हजार ठगे

**कैथल।** गांव बालू में एक व्यक्ति को खाते में रुपये जमा होने का फर्जी मैसेज भेजकर 25 हजार रुपये की साइबर ठगी कर ली। आरोपी ने पीजीआई चंडीगढ़ में रिश्तेदार भर्ती होने का हवाला देकर इलाज के नाम पर पैसे वापस मंगवा लिए। मामले में कलायत थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में बालू निवासी विनोद कुमार ने बताया कि 17 जनवरी को उसके पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था।

### व्यापारी वर्ग में रैली को लेकर उत्साहः सुरेंद्र

**उचाना।** 18 फरवरी को होने जा रही उचाना विकास रैली को लेकर मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने अनाज मंडी, बाजारों में दुकान-दुकान जाकर रैली का निमंत्रण दिया। जिला पदाधिकारी गौरव भारद्वाज भी इस दौरान मौजूद रहे। खरकभूरा ने कहा कि व्यापारी वर्ग में रैली को लेकर उत्साह है। ये रैली इतिहास बनाने का काम करेगी।

### गोवंश तस्करी मामले में फरार आरोपी दबोचा

**कैथल।** थाना शहर कैथल में दर्ज गौवंश तस्करी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर पुलिस ने फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 4 जनवरी की रात गौरक्षा दल कैथल की टीम द्वारा सूचना के आधार पर प्रताप गेट माता मंदिर के पास बंद बॉडी कंटेनर को काबू किया गया था।

### गांव खेड़ी शेरू से महिला दो बच्चों संग लापता

**कैथल।** जिले के गांव खेड़ी शेरू से एक महिला अपने दो बच्चों सहित बिना बताए घर से चली गई। खेडी शेरू के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 4 फरवरी को दोपहर के समय उसकी पत्नी उसका बेटा व बेटी के साथ बिना बताए घर से चली गई। उसने उनकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

### बाल विवाह करवाने के आरोप में पांच पर केस

**कैथल।** महिला पुलिस कैथल ने बाल विवाह करवाने के आरोप में पांच व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में चीका के एक व्यक्ति ने महिला पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि 4 जनवरी 2026 को चीका की छोटी मंडी चीका में गांव टोहाना से एक किशोरी की बारात आई थी।

# जिले में 16 सेंटरों पर 10वीं के 4849, कक्षा 12वीं के 4047 विद्यार्थी परीक्षा देंगे

## सीबीएसई की परीक्षाएं आज से होगी प्रारंभः 10 बजे के बाद कोई भी विद्यार्थी परीक्षा केंद्र में नहीं कर सकेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला जींद की सिटी कोऑर्डिनेटर प्राचार्या इंडस पब्लिक स्कूल जींद अरुणा शर्मा ने बताया कि 17 फरवरी मंगलवार से सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। इस वर्ष कुल 16 सेंटर सीबीएसई के जिला जींद में बनाए गए हैं। जिनमें कक्षा दसवीं के 4849, कक्षा 12वीं के 4047 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। सीबीएसई ने इन विद्यार्थियों के लिए एक गाइड लाइन जारी की है।

### पारदर्शी किट में ही लाना होगा सामान



सीबीएसी बोर्ड ने सभी विद्यार्थियों ओर संस्था प्रधान के लिए आदेश जारी किए हैं कि बोर्ड के आफिशियल पोर्टल पर प्रवेश पत्र जारी होने के बाद संबंधित संस्था प्रधान से प्रवेश पत्र का सत्यापन करवाना अनिवार्य होगा। संस्था प्रधान के हस्ताक्षर के अभाव में परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह सकते हैं। बोर्ड ने अपनी गाइडलाइन में कहा कि परीक्षार्थी को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री लाने की अनुमति नही है। वे परीक्षार्थी जो डायबिटीज से पीड़ित हैं वो अपने साथ खाने का कुछ ला सकते हैं। ध्यान रहे इन विद्यार्थियों को यह सामान पारदर्शी कीट में ही लाना होगा। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने बताया कि इस साल 12वीं कक्षा के पेपर की चैंकिग ऑनलाइन स्क्रीन पर की जाएगी।

### जिले में इन स्कूलों में होगी परीक्षा

जिला जींद में हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एमएलएन पब्लिक स्कूल, सनातन धर्म पब्लिक स्कूल नरवाना जींद, डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल अर्बन एस्टेट जींद, काली राम डीएवी पब्लिक स्कूल सफीदों जींद, इंडस पब्लिक स्कूल विजय नगर जींद, शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना जींद, बीआरएसके इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सफीदों जींद, डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल कैथल रोड नरवाना जींद, आदि शंकराचार्य पब्लिक स्कूल सफीदों जींद, पायनियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिंहपुरा जींद, सुप्रीम सीनियर सकेंडरी स्कूल जींद, आधारशिला पब्लिक स्कूल सफीदों रोड जींद, महाराजा अग्रसैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जींद, गोपाल विद्या मंदिर स्कूल गोपाल नगर जींद, वीडी पब्लिक स्कूल ब्राह्मणवास जींद, दालमवाला पब्लिक स्कूल जींद में होगी।

### हल्के रंग के कपड़े अनिवार्य

जिसमें सबसे अहम है कि परीक्षा का समय सुबह दस से डेढ़ बजे तक रहेगा। कोई भी विद्यार्थी दस बजे के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश नही कर सकेगा। सभी विद्यार्थियों को नौ बजकर 40 मिनट से लेकर दस बजे तक अपने-अपने परीक्षा केंद्र के अंदर पहुंचना होगा। इसके अलावा अन्य गाइडलाइन का विस्तार से अरूणा शर्मा ने बताया कि साल 2026 में होने वाली 10वीं और 12वीं परीक्षाओं के लिए बोर्ड ने पूरी तैयारी कर ली है। इन परीक्षाओं के लिए बोर्ड ने गाइडलाइन जारी की है। विद्यार्थियों को परीक्षा में स्कूल यूनिफार्म व स्कूल आईकार्ड में आना अनिवार्य होगा। इसके अलावा स्वयंपाठी विद्यार्थियों को यह निर्देश दिए कि उन्हें हलके रंग के कपड़े पहन कर आने हैं। विद्यार्थियों को यह निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान वो किसी भी आभूषण को पहन कर न आएं। इसके अलावा कोई भी विद्यार्थी स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर जैसी चीजों को साथ में नही ला सकता है। विद्यार्थी अपने साथ पारदर्शी पेन, पारदर्शी वाटर बोटल, पारदर्शी पेपर बोर्ड व पारदर्शी किट ही ले जा सकते हैं।

## मानवाधिकार आयोग की टीम ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

# नाबालिग आरोपी मिलने पर आयोग सख्त, जेल कर्मचारियों को फटकारा

### मानवाधिकार हर व्यक्ति के लिए समान रूप से होते हैं लागू : बत्तरा

**कैदियों की सुविधाओं और अधिकारों की ली जानकारी**





जींद। मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन ललित बत्तरा जेल का निरीक्षण करते। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ललित बत्तरा ने कहा कि मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति के लिए समान रूप से लागू होते हैं। चाहे वह आम नागरिक हो या जेल में बंद कोई कैदी। कैदियों को उचित भोजन, स्वच्छ आवास, स्वास्थ्य सुविधाएं, पैरोल और फरलो जैसी कानूनी सुविधाएं तथा परिवार से मिलने का अधिकार सुनिश्चित करना आवश्यक है। इन अधिकारों की सुरक्षा करना न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ललित बत्तरा सोमवार को मानवाधिकारों की सुरक्षा और जेलों में बंद कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से सोमवार को जींद पहुंचे थे। मानवाधिकार आयोग की टीम ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्तरा के साथ मेंबर ज्यूडिशियल कुलदीप जैन, मेंबर डी. भाटिया, रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल संजय खंडूजा तथा असिस्टेंट रजिस्ट्रार पुनीत अरोड़ा उपस्थित रहे। इसके अलावा रजिस्ट्रार संजय कुमार खंडूजा, सहायक रजिस्ट्रार डा. पुनीत अरोड़ा तथा पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, डीडीपीओ संदीप शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक उपरांत आयोग की टीम ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों को उपलब्ध करवाई जा रही मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वच्छ पेयजल, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता व्यवस्था, आवासीय बैरकों की स्थिति, कानूनी सहायता एवं परामर्श सेवाओं की बारीकी से जांच की गई। आयोग अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बंदियों के मानव अधिकारों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। निरीक्षण के दौरान आयोग की टीम ने जेल प्रशासन से विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए यह जानकारी ली कि नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन तथा स्टेट ह्यूमन राइट्स कमीशन द्वारा जारी की गई एडवाइजरी और दिशा-निर्देशों का किस प्रकार पालन किया जा रहा है। इसके साथ ही टीम ने जिला जेल में बंद अंडर ट्रायल और दोषी कैदियों के रहन-सहन, खान-पान, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। चेयरमैन ने कहा कि निरीक्षण के दौरान आयोग की टीम ने जेल की रसोई (मेस) का भी निरीक्षण किया।

### हिसार सुधार ग्रह भेजने के निर्देश

हरियाणा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ललित बत्तरा सोमवार को जब जिला कारागार के निरीक्षण पर पहुंचे तो एक नाबालिग जेल में मिला। जिसे सीआईए ने बाइक चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। नियमों के अनुसार उसे हिसार सुधार ग्रह में भेजा जाना चाहिए था। मौके पर आयोग चेयरमैन ने जांच अधिकारी व थाना प्रभारी को बुलाया और उनको फटकार लगाते हुए तुरंत प्रभाव से नाबालिग को शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

### उपचार में परेशानियां

हरियाणा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ललित बत्तरा ने कहा कि जिला कारागार में चिकित्सक की स्थायी नियुक्ति होनी चाहिए। बार-बार चिकित्सक बदलने से जिला कारागार में बंद बंदियों व कैदियों को उपचार में परेशानी आती है। बाकायदा सीएमओ डा. सुमन कोहली को निर्देश दिए गए कि रोटेशन की बजाए चिकित्सक की नियमित आधार पर चिकित्सक की व्यवस्था की जाए।

# ट्रैक्टर ट्रॉली ने स्कूटी सवार को रौंदा, मौत

### उझाना के निकट हादसा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



गांव उझाना के निकट तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ढुंढवा निवासी गुरदेव कार्यवश अपने जानकार के पास गांव उझाना आया हुआ था। शाम को जब वह स्कूटी पर सवार होकर घर जा रहा था तो गांव उझाना से कुछ दूरी पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने गुरदेव की स्कूटी को टक्कर मार दी। स्कूटी से गिरने के बाद ट्रैक्टर ट्राली गुरदेव करे रौंदता हुआ निकल गया। जिसमें गुरदेव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक ट्रैक्टर ट्राली समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने उसे नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर गढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। ट्रैक्टर ट्राली के मालिक की पहचान गांव उझाना निवासी राजेश के रूप में हुई। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक के बड़े भाई बलदेवा की शिकायत पर फरार ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने निगला जहर, पति के खिलाफ केस

**जींद।** दहेज प्रताडना के चलते विश्वकर्मा कालोनी में बीती रात महिला ने जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता की शिकायत पर मृतका के पति के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलतः काब्रच्छा हाल विश्वकर्मा कालोनी निवासी रमेश की पत्नी पिंकी (35) ने बीती रात संदिग्ध हालात के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिसे उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान पिंकी की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस तथा मायका पक्ष मौके पर पहुंच गए। मृतका के पिता कोथ कलां निवासी सुबेर बेग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी पिंकी की शादी लगभग दो साल पहले रमेश के साथ हुई थी। उसका दामाद रमेश 2025 में अवैध असलहा के साथ भी पकड़ा गया था। शादी के बाद से ही रमेश उसकी बेटी को दहेज को लेकर प्रताड़ित कर रहा था। शादी को बचाए रखने के लिए उसने रमेश को एक लाख रुपये भी दिए थे। बावजूद इसके रमेश उसकी बेटी को प्रताड़ित करना जारी रखा। जिससे परेशान होकर उसकी बेटी पिंकी ने जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। शहर थाना पुलिस ने सुबेर बेग की शिकायत पर मृतका के पति रमेश के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लजवानां कलां, मेहरड़ा और सिरसाखेड़ी में 1.25 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत विभाग की हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत जुलाना विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की औपचारिक शुरुआत हो गई है। सोमवार को जुलाना विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे कैप्टन योगेश बैरागी ने लजवाना कलां, मेहरड़ा और सिरसाखेड़ी गांवों में करीब एक करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का गांव के सम्मानित लोगों के हाथों शिलान्यास कराया। कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते हुए कैप्टन योगेश बैरागी ने बताया कि लजवानां कला गांव में छह गलियों के निर्माण पर लगभग 85 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा लजवाना कलां के स्टेडियम में खेल विभाग के तहत 20 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य होंगे। मेहरड़ा गांव में 10 लाख रुपये की लागत से वॉकिंग ट्रैक का निर्माण किया जाएगा।

### करोड़ों का फंड जारी

जबकि सिरसाखेड़ी में एक गली के निर्माण पर 11 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जुलाना विधानसभा को विकसित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह केवल शुरुआत है। सरकार द्वारा जुलाना विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपये का फंड जारी किया गया है और आने वाले दिनों में क्षेत्र के सभी 72 गांवों में विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जुलाना के विकास का सिलसिला अब रुकने वाला नही है और क्षेत्र को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बनाया जाएगा।

# कैथल-असंध मार्ग पर डंपर धंसा, यातायात प्रभावित

- गड्ढे और अधूरा निर्माण कार्य आमजन के लिए बना परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौंद। कैथल–असंध मार्ग पर निर्माणाधीन सड़क के धंसे हिस्से में फंसा डंपर।

कैथल–असंध मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य की धीमी प्रगति और अव्यवस्थित व्यवस्था का खामियाजा मंगलवार को एक डंपर चालक को भुगतना पड़ा। निर्माणाधीन सड़क के धंसे हिस्से में डंपर का पिछला पहिया फंस गया, जिससे वाहन एक ओर झुक गया और कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर निर्माण सामग्री लेकर जा रहा था। सड़क के जिस हिस्से पर अभी तक पक्का निर्माण नहीं हुआ है, वहां मिट्टी और बजरी के कारण रास्ता असमतल बना हुआ है। जैसे ही डंपर उस हिस्से से गुजरा, नीचे की जमीन धंस गई और वाहन फंस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने चालक की मदद की और अन्य वाहनों को सावधानी से निकाला गया। स्थानीय दुकानदार मनमोहन, वीरू, सुंदर, कुलदीप, अशोक, किशन, मनीराम, अजय राहुल, योगेश, प्रदीप ने बताया कि पिछले कई वर्षों से मार्ग की स्थिति खराब बनी हुई है। धूल, गड्ढे और अधूरा निर्माण कार्य आमजन के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। सड़क की दुर्दशा से ग्राहकों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। दुकानदारों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में गंभीर दुर्घटना हो सकती है। प्रशासन से जल्द ठोस कदम उठाने की अपेक्षा की जा रही है।

## फाल्गुन अमावस्या पर श्रद्धालु लगाएंगे पिंडारा तीर्थ पर श्रद्धा की डुबकी, सूर्यग्रहण के चलते मांगलिक कार्यों पर रहेगी रोक

# फाल्गुन अमावस्या और साल का पहला सूर्य ग्रहण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



फाल्गुन अमावस्या मंगलवार को है। अमावस्या को लेकर तिथि 16 फरवरी सोमवार शाम 5:34 बजे शुरू होकर 17 फरवरी शाम 5:30 बजे तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार अमावस्या मंगलवार को मनाई जाएगी। वहीं वर्ष 2026 का पहला सूर्य ग्रहण भी मंगलवार को लगेगा। श्रद्धालु पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर मंगलवार को अमावस्या पर सरोवर में स्नान, पिंडदान करके करके तर्पण करेंगे। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि इस दिन व्रत, तर्पण, श्राद्ध और पवित्र नदियों में स्नान शुभ माना जाता है। भगवान शिव का अभिषेक और दान व पुण्य करने से सुख व समृद्धि मिलती है। मान्यता है कि इस दिन पूजा, पाठ और व्रत करने से मन को शांति मिलती है और जीवन में सुख व समृद्धि आती है। साथ ही इस दिन पितरों के लिए तर्पण और श्राद्ध करना बहुत शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन अमावस्या के दिन पवित्र नदियों में देवी व देवताओं का वास होता है। इसलिए इस दिन स्नान करना बहुत पुण्यदायक माना गया है। इस दिन पितरों की आत्मा की शांति के लिए व्रत रखें और जरूरतमंद लोगों को दान दें।

### वर्ष 2026 का पहला सूर्य ग्रहण आज

वर्ष 2026 का पहला सूर्य ग्रहण भी मंगलवार को लगेगा। यह कंकण सूर्यग्रहण होगा और यह अमावस्या तिथि को लगेगा। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि सूर्य ग्रहण तब लगता है जब सूर्य और पृथ्वी के बीच से चंद्रमा आ जाता है। उस समय चंद्रमा की छाया पडने से सूर्यग्रहण लगता है। भारत में यह ग्रहण दिखाई नही देगा। सूर्य ग्रहण दोपहर में तीन बजकर 26 मिनट पर आरंभ होगा और शाम में 7 बजकर 57 मिनट पर समाप्त होगा। सूर्य ग्रहण का सूतक काल 12 घंटे पहले आरंभ हो जाता है। ऐसे में सूर्यग्रहण का सूतक काल मध्य रात्रि 3. 26 मिनट पर आरंभ हो जाएगा। सूर्यग्रहण के दौरान मंदिरों में पूजा पाठ नहीं किया जाता है। वहीं सूर्यग्रहण के दौरान कोई भी मांगलिक कार्य जैसा शादी, पूजा, हवन, मुंडन आदि नहीं करना चाहिए।

### घर से जेवरात व नकदी चोरी का आरोपी पकड़ा

**कैथल।** क्योड़क में घर से सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चोरी करने के मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव क्योडक निवासी बलदेव की शिकायत अनुसार 23 जनवरी को वह गांव सिधानी जिला फतेहाबाद में एक पारिवारिक कार्यक्रम में गया हुआ था, जबकि उसकी पत्नी बच्चों सहित मायके यूपी गई थी। घर पर उसका चाचा अकेला मौजूद था। शाम को घर लौटने पर अलमारी खुली मिली और उसमें से सोने का मंगलसूत्र, सोने के कांटे, अंगूठी, नथली, सोने का ओम, चांदी की पाजेब सहित अन्य जेवरात व करीब 35 हजार नकद चोरी मिले। उन्हें पता चला कि चोरी की वारदात पड़ोसी झंडू उर्फ रवि ने अंजाम दी थी, जिसने चोरी किया सामान बेगपुर में एक सुनार को बेच दिया था।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने सुनी आमजन की समस्याएं

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को नरवाना में भी उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन हुआ।

### खेत से ट्रांसफार्मर के बिजली उपकरण चोरी

**जींद।** गांव अहिरका खेतों से बिजली ट्रांसफार्मर के उपकरण गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिजली निगम ने गांव अहिरका निवासी राजकुमार के खेत में बिजली ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। बीती रात चोरों ने ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

### शिविर का चतुर्थ दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न

**जुलाना।** शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस प्राचार्य डा. शमशेर सिंह के मार्गदर्शन में उत्साह एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। शिविर में स्वयंसेवकों ने विभिन्न शैक्षणिक एवं जागरूकता गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन योग सत्र से हुई। योग प्रशिक्षक डा. सतपाल कौशिक ने स्वयंसेवकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया और योग से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

### रैली में महिलाओं की होगी रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी

**उचाना।** भाजपा जिला सचिव एवं पूर्व ब्लॉक समिति चेयरपर्सन सतीशा देवी ने दावा कि उचाना में होने वाली 18 फरवरी को उचाना विकास रैली ऐतिहासिक होगी। इस रैली में उमड़ी भीड़ इतिहास बनाने का काम करेगी। रैली में महिलाओं की रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी होगी। महिलाओं में रैली को लेकर जबरदस्त उत्साह है। ये रैली उचाना के इतिहास में सबसे बड़ी रैली होगी। महिलाओं के लिए जितनी योजनाएं भाजपा सरकार में बनी है उतनी आज तक किसी सरकार में नहीं बनी। सीएम नायब सिंह सैनी ने लाडो लक्ष्मी योजना का जो वायदा किया था वो पूरा किया।

### विधायक ने दिया लोगों को रैली का निमंत्रण

**उचाना।** 18 फरवरी को रैली में अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए भाजपा नेता, कार्यकर्ता निमंत्रण दे रहे है। शिक्षाविद एवं भाजपा नेता रामचंद्र अत्री ने कहा कि रैली को लेकर गांव में निमंत्रण देने जाते है तो लोग में जो उत्साह नजर आता है ऐसा उत्साह आज तक नहीं देखा था।18 तारीख का दिन उचाना के राजनीति इतिहास की सबसे बड़ी रैली के तौर पर दर्ज होगा। लोग सीएम नायब सिंह सैनी, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को सुनने के लिए पहुंचेंगे।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक का आयोजन

**जींद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद के प्रेस सचिव प्रो. शमशेर मलिक ने बताया कि परिषद की कार्यकारिणी की मासिक बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. प्रीतम सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें परिषद के महासचिव चंद्रप्रकाश मलिक में पिछली बैठक की कार्रवाई पढ़कर सुनाई और कार्यकारिणी ने इसकी पुष्टि की। निर्णय लिया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मिल कर वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच के लिए कैंप लगवाया जाए पौधरोपण की सुरक्षा व देखरेख के लिए स्थायी रूप से माली की व्यवस्था की जाए।

## एडीसी ने लघु सचिवालय के सभागार में सुनीं समस्याएं

# समाधान शिविर में प्रतिनिधि भेजा तो होगी कार्रवाई: प्रदीप

### समाधान शिविर में विभागाध्यक्षों को स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश

अन्य कार्यदिवसों में प्रतिदिन दो घंटे अपने कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनें विभागाध्यक्ष : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। मीटिंग में समस्याएं सुनते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

लघु सचिवालय के सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एडीसी प्रदीप कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर के अलावा सभी विभागाध्यक्ष अन्य कार्यदिवसों में प्रतिदिन दो घंटे अपने कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनें। सभी विभाग जनता की सेवा के लिए कार्य करते हैं। इसलिए हर शिकायत का समयबद्ध समाधान होना चाहिए। समाधान शिविर में विभागाध्यक्ष स्वयं उपस्थित रहें और अपने प्रतिनिधि को नहीं भेजेंए निर्देशों की अनदेखी होने पर कार्रवाई की जाएगी। एडीसी ने कहा कि बिजली, पेयजल आपूर्ति और सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने शिविर में आए प्रत्येक परिवादी की शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान करना है। जिला और उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 से 12 बजे तक इन शिविरों का आयोजन किया जाता है और जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

#### शिविर में ये पहुंची समस्याएं

शिविर के दौरान सफीदों रोड स्थित जवाहर नगर निवासी शीशराम ने गली में सीवर जाम होने की समस्या रखी। जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। गांव रधाना निवासी संदीप ने गांव में सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग की। गांव भागखेड़ा निवासी रणबीर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान भत्ता दिलवाने संबंधी विषय उठाया। गांव गंगोली निवासी सुभाष चंद ने ट्यूबवेल कनेक्शन दिलवाने की प्रार्थना की। जबकि गांव डाहोला निवासी सेवा ने घर के सामने सड़क का स्तर नीचा होने के कारण पानी भरने की समस्या से अवगत कराया। इन सभी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एडीसी ने संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, सीटीएम मोनिका, आरटीए गिरीश कुमार, डीआरओ राजकुमार, जीएम रोडवेज राहुल जैन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विवि चीफ हॉस्टल वार्डन को सौंपा ज्ञापन

- हॉस्टल में समय-समय पर छात्रों को मूवी दिखाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्र हित में सकारात्मक पहल करते हुए यूनिवर्सिटी चीफ हॉस्टल वार्डन एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डा. अजमेर सिंह को विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक मूवी प्रदर्शन कराने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। विश्वविद्यालय अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने बताया कि विद्यार्थी परिषद का मानना है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नही होनी चाहिए बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सहपाठ्यक्रम गतिविधियां भी अत्यंत आवश्यक हैं। एबीवीपी नेता भावना ने बताया कि विश्वविद्यालय के हॉस्टलों एवं विभिन्न विभागों में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर शैक्षणिक दबाव के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का भी भार रहता है। ऐसे में समय-समय पर प्रेरणादायक, राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत एवं प्रबंधन कौशल से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन विद्यार्थियों के मानसिक तनाव को कम करने तथा उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध हो सकता है। परिषद ने सुझाव दिया कि विवि ऑडिटोरियम या किसी उपयुक्त हॉल में नियमित अंतराल पर फिल्म प्रदर्शन की व्यवस्था की जाए।


जींद। दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### शॉटपुट प्रतियोगिता में शिक्षा रही प्रथम

**जींद।** राजकीय महिला महाविद्यालय में 19वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन सोमवार से शुरू हुआ। पहले दिन के मुख्यअतिथि प्राचार्य जयनारायण गहलावत रहे। प्राचार्य जयनारायण गहलावत ने कहा की खेलकूद प्रतियोगिता हमेशा ही छात्राओं के बहिर्मुखी विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और खेलों में प्रतिभागिता से स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन छात्राओं को अगले स्तर पर जाने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करता है। प्रतियोगिता के पहले दिन 1500 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले दौड़, लंबी कूद, ट्रिप्पल जंप, शॉट पुट, डिसकस थ्रो का आयोजन हुआ। प्रेस प्रवक्ता डा. सुमिता आशरी ने बताया कि शॉटपुट प्रतियोगिता में प्रथम शिक्षा बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय कीर्ती बीएससी प्रथम वर्ष, तृतीय अनुष्का बीएससी द्वितीय वर्ष रहे।

### पिरथला का देव कुमार घोघड़िया का प्रदीप रहा संयुक्त रूप से प्रथम

**उचाना।** घोघड़िया गांव के बस स्टॉप के पास राजकीय स्कूल के मैदान में आयोजित शिक्षा इनामी महादंगल में प्रथम पुरस्कार देव कुमार पिरथला (सोनीपत) एवं प्रमोद घोघड़िया (जींद) के बराबर अंक रहने पर दोनों को संयुक्त रूप से प्रथम घोषित किया। दोनों प्रथम, द्वितीय को मिलने वाली 2.52 लाख की राशि बराबर-बराबर दी। महंत शुक्राईनाथ योगी ने परिणाम घोषित करते बताया कि तीसरे स्थान पर विक्की रजाना कलां (जींद) रहे जिसको 1.1 लाख, चौथे स्थान पर रहे विकास ललित खेड़ा (जींद) को 71 हजार, 5वें स्थान पर रहे अंकित कालवा (जींद) को 51 हजार, छठे, सातवें स्थान पर रहे रमेश (हिसार) एवं वकील (कोथ कलां) को 26-26 हजार, आठवें पर रहे नीतिन पिनाना (सोनीपत) को 11 हजार, नौंवे स्थान पर रहे देवव्रत घोघड़िया (जींद) 5100 रुपये नगद पुरस्कार दिया।

### जरूरतमंदों के साथ मनाया जन्मदिन

**जींद।** नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने अपना जन्मदिन पारंपरिक तरीके से नही बल्कि गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करके मनाया। डा. भोला ने जयंती देवी मंदिर के निकट स्थित श्री राधे रोटी बैंक के माध्यम से चल रही मुफ्त भोजन सेवा में हिस्सा लिया। यहां रोजाना गरीब, मजदूर, यात्री और असहाय लोग मुफ्त में भोजन करवाया जाता है। डा. भोला ने इस सेवा में खाने का प्रबंध किया और जरूरतमंदों को भोजन परोस कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। उनके साथ धर्मपत्नी सीमा भोला, सुरेंद्र चौहान, सुभाष अनेजा, नरेंद्र मलिक, सुनील सिंधवानी, शिवचरण शर्मा, गौरव शर्मा, राहुल आदि मौजूद रहे। डा. भोला जो अस्पताल में ड्यूटी के साथ-साथ सामाजिक कार्यों के लिए भी जाने जाते हैं ने कहा कि जन्मदिन कोई व्यक्तिगत उत्सव नही बल्कि दूसरों की खुशी में शामिल होने का अवसर है।


जींद। जरूरमंदों को खाना खिलाते डा. भोला। फोटो :हरिभूमि


जींद। निमंत्रण देते खाप प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

### खाप प्रतिनिधियों ने गांवों में दिया निमंत्रण

**जींद।** सर्व बूरा सिरोही खाप का 13वां स्थापना दिवस दो मार्च को झज्जर जिले के कालियावास गांव में मनाया जाएगा। इसे लेकर पदाधिकारियों ने खाप के गांवों में न्यौता दिया। सर्व बूरा खाप के राष्ट्रीय प्रधान रणवीर सिंह बूरा, महासचिव रमेश कुमार, कैशियर वेदप्रकाश खोखरी, प्रेस प्रवक्ता आनंदराज सिरोही समेत कार्यकारिणी के सदस्य सोमवार को घोघड़ियां गांव में पहुंचे। पदाधिकारियों ने बताया कि दो मार्च को सुबह 10 बजे से तीन बजे तक कालियावास की मेन चौपाल में कार्यक्रम होगा। इसमें बूरा सिरोही गोत्र के बड़े अफसरों, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों, बिना दहेज शादी करने वाले युवाओं समेत अच्छा कार्य करने वाले लोगों को सर्व बूरा सिरोही खाप रस्म पुरस्कार सम्मानित किया जाएगा। यहां खाप के गांवों के काफी लोग पहुंचेंगे।

### मॉक इंटरव्यू कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज में मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में मॉक इंटरव्यू कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक जगत और उद्योग जगत के मध्य सेतु स्थापित करना, आधुनिक कार्य बल के लिए रोजगार योग्यता कौशल का विकास विषय के अंतर्गत विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वर्तमान आवश्यकताओं से अवगत कराना तथा उनके व्यक्तित्व, संवाद कौशल और साक्षात्कार संबंधी दक्षताओं को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में 11 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने मॉक इंटरव्यू की प्रक्रिया के माध्यम से आत्मविश्वास, पेशेवर व्यवहार संबंधी महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किए। जो उनके करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डा. सुनीता मेहरा ने कार्यक्रम के आयोजन एवं संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


जींद। मॉक इंटरव्यू कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि


जुलाना। विजेता खिलाड़ी प्रीति प्रजापति का फोटो। फोटो :हरिभूमि

### प्रीति ने कबड्डी प्रतियोगिता में जीता सिल्वर

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के निडानी गांव की होनहार बेटी प्रीति प्रजापति ने सीनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीत कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता पालाकोलू, आंध्र प्रदेश में आयोजित की। प्रतियोगिता के दौरान प्रीति ने अपने दमदार खेल, फूर्ती और बेहतरीन रेडिंग व डिफेंस के दम पर टीम को फाइनल मुकाबले तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। जिसमें कड़े संघर्ष के बाद टीम को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। प्रीति प्रजापति की इस उपलब्धि से निडानी गांव में खुशी का माहौल है। प्रीति के पिता सुभाष मजदूरी करते हैं, जबकि माता गृहणी हैं। सुभाष ने बताया कि प्रीति बचपन से ही खेलों के प्रति समर्पित रही है और कठिन परिश्रम के दम पर उसने यह मुकाम हासिल किया है।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### श्रद्धा के साथ मनाया महा शिवरात्रि

**जींद।** मोतीलाल नेहरू विद्यालय की सैपलिंग शाखा में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नर्सरी से यूकेजी वर्ग के नन्हें विद्यार्थियों ने अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ शिवलिंग पर गंगाजल अर्पित किया। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। छोटे-छोटे बच्चों ने पूरे अनुशासन और श्रद्धा भाव से इस शुभ कार्य में भाग लेकर सभी का मन मोह लिया। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न किया गया। स्कूल अध्यापिकाएं रमा और आरती ने भी विद्यार्थियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व का महत्व सरल एवं रोचक शब्दों में समझाया। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि का अर्थ है शिव की महान रात्रि। यह आत्मचिंतन, संयम और भक्ति का प्रतीक है। भगवान शिव की आराधना का दिन है। इस दिन शिवभक्त उपवास रखते हैं।

## कला के माध्यम से बच्चों में सकारात्मक संस्कारों का प्रभाव होता है : गंगा प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामराय में सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्राचार्या ज्योति शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है तथा सकारात्मक ऊर्जा के साथ समाज के निर्माण में अपना योगदान देते हैं। प्राचार्य ने मुख्यअतिथि गंगा प्रसाद सरपंच प्रतिनिधि का स्वागत किया। मुख्यअतिथि गंगा प्रसाद ने कहा कि कला समाज को आइना दिखाने का काम करती है। कला के माध्यम से बच्चों में सकारात्मक संस्कारों का प्रभाव होता है, जिस कारण बच्चों में सच्चरित्र का निर्माण होता है। मुख्यअतिथि ने बच्चों को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि प्रदान की। विद्यालय के सांस्कृतिक संयोजक रंगकर्मी रमेश मूर्ति भनवाला ने कहा कि नाटक अथवा स्किट के माध्यम से बच्चों में स्टेज फीयर दूर होता है। जिसके कारण बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है। आज के दौर में बच्चों के लिए संप्रेषण कला कम्युनिकेशन का बड़ा महत्वपूर्ण रोल होता है। जहां आज बच्चे स्ट्रेस का शिकार हो रहे हैं। करियर बनाने के लिए परेशान है तो इस स्थिति में रंगमंच एक ऐसा साधन है जो बच्चों को सही दिशा प्रदान करता है। इस मौके पर कुलदीप लोहान, नरेंद्र डीपी, राजकुमार लोहान, पूनम, मोनिका आदि शामिल रहे।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### कन्या भ्रूण हत्या महापाप : रामदयाल

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घोघड़िया के तहत मोहनगढ़ गांव में सभा का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाना और गर्भवती महिलाओं को व ग्रामीण महिलाओं को पीएनडीटी एक्ट की जानकारी देना था। एमपीएचडब्ल्यू रामदयाल, सुमन व रीना ने जागरूक करते कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के कारण गिरता लिंग अनुपात हमारे देश के सामने बड़ी सामाजिक समस्या है। समस्या के निदान के लिए सरकार को ही नहीं बल्कि हम सभी को सामाजिक दृष्टि से जागरूक होना होगा। इसके लिए हमें रूढ़िवादी सोच का परित्याग करना चाहिए। ईश्वर के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए संतान उसी की देन है और लड़का व लड़की एक समान है। हम किसी के भी भाग्य विधाता नहीं है ईश्वर द्वारा ही सब कुछ निर्धारित होता है।

### उचाना विधायक, डीसी-एसपी ने दौरा कर लिया तैयारियों का जायजा

# सीएम कल उचाना में करेंगे रैली को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। निरीक्षण कर दिशा-निर्देश देते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री तथा डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सोमवार को स्थानीय नई अनाज मंडी का दौरा किया और 18 फरवरी को मुख्यमंत्री की आयोजित होने वाली जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान विधायक देवेंद्र अत्री तथा डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि 18 फरवरी की जनसभा की तैयारियां अंतिम दौर में है। जनसभा के सफल आयोजन के लिए अनाज मंडी में सभी आवश्यक पहलुओं को ध्यान में रखते संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जा चुकी है। बताया कि नई अनाज मंडी में करीब 420 फीट लंबा और 110 फीट चौड़ा भव्य पड़ाल की व्यवस्था करवाई जा रही है। इसमें मुख्यमंत्री व अन्य अति विशिष्ट अतिथियों के लिए 40 फीट चैड़ा तथा 70 फीट लंबा वीवीआईपी यानि मुख्य मंच मनाया है। जबकि स्थानीय व अन्य विशिष्ठ अतिथि के लिए भी अलग से एक मंच बनाया जा रहा है। साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के लिए मंच होगा। आगे बताया कि धन्यवाद रैली की परोपर कवरेज के लिए मीडिया कर्मियों के बैठने के लिए मुख्य मंच के ठीक सामने मीडिया गैलरी स्थापित होगी। पंडाल में महिलाओं एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग ब्लॉक स्थापित किए गए हैं। अनाज मंडी स्थित किसान भवन में सीएम के लिए सेफ हाउस की व्यवस्था की है। इसकी रखरखाव, साफ-सफाई एवं वाइट वाशिंग इत्यादि के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए जा चुके है।

#### ये रहे मौजूद

*उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की सुचारू सफलता के लिए अपने विभाग से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरा करें और अपनी जिम्मेदारी को संजीदगी से निभाएं। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एडीसी प्रदीप कुमार, एसपी सोनाक्षी सिंह, एसडीएम दलजीत सिंह, डीएमसी सुरेन्द्र दून, आरटीए गिरीश कुमार, ए नगराधीश मोनिका रानी, महाप्रबंधक रोडवेज राहुल जैन, कार्यकारी अभियंता राजकुमार नैन, तहसीलदार निखिल सिंगला, जिला शिक्षा अधिकारी रितु, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, बीडीपीओ सुरेन्द्र खत्री व शमशेर नैन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।*


आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित हैप्पीनेस प्रोग्राम में भाग लेते शिक्षक नरेश जागलान।

### हैप्पीनेस कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** वेटरनरी डॉक्टरों के मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच और तनाव प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार के सहयोग से आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा हैप्पीनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में वेटरनरी डॉक्टरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास तथा कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक नरेश जागलान ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े पेशेवरों को तनावमुक्त, ऊर्जावान एवं सकारात्मक बनाना रहा ताकि वे समाज और पशुपालकों की बेहतर सेवा कर सकें। आज के समय में डॉक्टरों पर कार्यभार, जिम्मेदारियों और मानसिक दबाव के कारण तनाव बढ़ता जा रहा है। जिसे ध्यान, योग और श्वास तकनीकों के माध्यम से कम किया जा सकता है।

### पार्षदों की अनुपस्थिति पर विधायक सतपाल जांबा ने जताई नाराजगी

# नगर पालिका की जनरल मीटिंग में विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी नगर पालिका में विधायक सतपाल जांबा की अध्यक्षता में पालिका अधिकारियों व पार्षदों की जनरल मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में हुई मीटिंग के दौरान पारित किए गए विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। विधायक ने अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और शीघ्र शेष कार्य पूरे करने के निर्देश दिए।

विधायक सतपाल जांबा ने बताया कि पूर्व की मीटिंग में कुल 69 विकास कार्य प्रस्तावित किए गए थे। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब तक 40 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 19 कार्यों पर काम प्रगति पर है। इसके अलावा पांच कार्यों पर आपत्तियां लग चुकी हैं तथा पांच कार्यों का चयन नहीं हो पाया था। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गति संतोषजनक है, लेकिन कुछ अड़चनों के कारण सभी कार्य समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं।

बैठक की एक विशेष बात यह


पूंडरी। नगरपालिका में बैठक के दौरान पार्षद व अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

रही कि नगर पालिका के कुल 16 पार्षदों में से केवल सात पार्षद वाइस चेयरमैन रामप्रसाद, करणजीत कोर, मुल्तान गोलन, के अलावा पार्षद किरण बुक्कल, सरिता कत्याल, संगीता देवी व पिंकी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जबकि चेयरपर्सन सहित नौ पार्षद बैठक से अनुपस्थित रहे। इस पर विधायक ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शहर के विकास में सबसे बड़ी बाधा कुछ पार्षद ही बने हुए हैं, जो नगर पालिका में अलग प्रकार की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने एक पार्षद की ओर इशारा करते हुए आरोप लगाया कि वह सभी को गुमराह करने का काम कर रहा है।

**अपने निजी काम निकालने में लगे हुए हैं**

विधायक जांबा ने अपनी ही पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं और नेताओं पर भी उंगली उठाते हुए कहा कि वे अन्य दलों से आकर अब केवल अपने निजी काम निकालने में लगे हुए हैं, जिससे पार्टी की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। ऐसे लोगों को चेत जाना चाहिए और जनता के हित में काम करना चाहिए।

**भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा**

विधायक ने अध्यक्ष की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे सरल स्वभाव के हैं और दूसरों की बातों में आ जाते हैं, जिसके कारण पूंडरी शहर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि कुछ पार्षद यह सोचते हैं कि उन्होंने पैसा लगाकर चुनाव जीता है और अब विकास की बजाय खुद का विकास करना है, लेकिन वे न तो खुद एक भी पैसा खाएंगे और न ही किसी को खाने देंगे। भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

पूंडरी शहर में अब यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि नगर पालिका में दो गुट बन चुके हैं, जिनमें से एक गुट विधायक की कार्यशैली से संतुष्ट नहीं है। ऐसे में नगर पालिका की कार्यप्रणाली और आगामी विकास योजनाओं को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। बैठक के दौरान नगर पालिका के अधिकारी, उपस्थित पार्षद व अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

### कैथल में धूमधाम से मनाया महाराजा सूरजमल जाट का जन्मोत्सव

# समाज की मजबूती-बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही संभव : ढांडा

151 बुजुर्गों का हुआ सम्मान, समाज को एकता व संस्कारों का दिया संदेश

- कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि पहुंचे थे।
- बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके मार्गदर्शन को जीवन में उतारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। कार्यक्रम को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा तथा मंत्री को सम्मानित करते जाट समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

जाट समाज के महान योद्धा एवं दूरदर्शी शासक महाराजा सूरजमल जाट के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कैथल के स्प्रिंग फील्ड पैलेस में एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। हमारे बुजुर्ग हमारी विरासत, हमारी धरोहर थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में समाज के बुजुर्गों, युवाओं, शिक्षाविदों तथा गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में महाराजा सूरजमल के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज की मजबूती बुजुर्गों के अनुभव, संस्कार और आशीर्वाद से ही संभव है। उन्होंने संयुक्त परिवार व्यवस्था को भारतीय संस्कृति की शक्ति बताते हुए नई पीढ़ी से अपील की कि वे अपने बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके मार्गदर्शन को जीवन में उतारे।

कार्यक्रम का आयोजन महाराजा सूरजमल समिति कैथल के प्रधान भीम सिंह कुलतारण, महासचिव राजकमल ढांडा तथा समस्त कार्यकारिणी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों, बुजुर्गों और समाज के सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज की जड़ों को मजबूत करते हैं और युवाओं को अपनी विरासत से जोड़ते हैं। कार्यक्रम के दौरान महाराजा सूरजमल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान, पराक्रम और राष्ट्रहित के योगदान को नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महाराजा सूरजमल केवल एक शासक ही नहीं, बल्कि न्याय, समरसता और स्वाभिमान के प्रतीक थे। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को शिक्षा, संगठन और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए।

**मांग पत्र को पूरा करने का दिया आश्वासन**

महिपाल ढांडा ने कहा कि जो समाज अपने बुजुर्गों को सम्मान देता है, वही समाज प्रगति की राह पर आगे बढ़ता है। उन्होंने महाराजा सूरजमल के आदर्शों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज शिक्षा, संगठन और सेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर सकता है। उन्होंने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए समाज हित में 11 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा भी की तथा समिति द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र को पूरा करने का आश्वासन दिया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर इनैलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. वीरेंद्र पाल खटकड़, आईजीएन कॉलेज लाडवा के प्राचार्य डॉ. कुशल पाल धारीवाल, इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ. अभय मौर्य तथा अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद, डॉ. कुशलपाल, अवतार चीका, जगमग मटोर, विजयपाल ढांडा जगदीश फौजदार आदि उपस्थित रहे।

**151 बुजुर्गों को शॉल, चादर और सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया**

कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह रही कि संस्था द्वारा 151 बुजुर्गों को शॉल, चादर और सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बुजुर्गों का सम्मान होते देख पूरे सभागार में भावनात्मक व गौरवपूर्ण वातावरण बन गया। उपस्थित युवाओं ने खड़े होकर तालियों के साथ उनका अभिनंदन किया, जिससे पीढ़ियों के बीच सम्मान और जुड़ाव का सुंदर संदेश देखने को मिला। मंच का संचालन ईश्वर ढांडा व सत्यवान माजरा ने किया।

## इंडस स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन

- बच्चों के साथ-साथ माताओं के लिए भी विशेष गेम्स आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



इंडस प्ले स्कूल में बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मोम एंड मी फेस्टा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या तनु पूनिया एवं डायरेक्टर अभिषेक सहारण द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर हर्षोल्लास और रंगारंग गतिविधियों से सराबोर रहा। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए अनेक मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। नर्सरी एवं प्री-प्राइमरी वर्ग के बच्चों के लिए विशेष रूप से टैलेंट एक्टिविटी, गेम्स एवं फन एक्टिविटीज आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया।

बच्चों के साथ-साथ माताओं के लिए भी विशेष गेम्स एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।

## परीक्षा में केवल अंक ही नहीं हैं सफलता का पैमाना : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

परीक्षाओं का समय नजदीक आते ही विद्यार्थियों में बढ़ता मानसिक तनाव समाज के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। यह विचार प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन राजौंद के पूर्व प्रधान मास्टर धर्मवीर शर्मा थुआ ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समस्या परीक्षा नहीं, बल्कि परीक्षा के इर्द-गिर्द बनाया गया वातावरण है। शर्मा ने बताया कि अक्सर अभिभावक बच्चों की क्षमता से अधिक अपेक्षाएं रखते हैं, उनकी तुलना पड़ोस या रिश्तेदारों के बच्चों से करते हैं और केवल अंकों को ही सफलता का पैमाना मान लेते हैं।

## तनाव के साथ नहीं, बल्कि आत्मविश्वास के साथ दें विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा : अपराजिता

- विद्यार्थियों के नाम एक विशेष प्रेरणादायक संदेश जारी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। परीक्षाओं के मद्देनजर कैथल की डीसी अपराजिता ने जिले के तमाम विद्यार्थियों के नाम एक विशेष प्रेरणादायक संदेश जारी किया है। उन्होंने छात्रों से अपील की है कि वे परीक्षा को बोझ न समझें, बल्कि इसे एक उत्सव की तरह लें। विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए डीसी अपराजिता ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मैं भी विद्यार्थी जीवन जी चुकी हूँ और भली-भांति जानती हूँ कि परीक्षा के दौरान मन में किस तरह की घबराहट होती है। लेकिन याद रखें, कोई भी परीक्षा आपके संपूर्ण व्यक्तित्व का आकलन नहीं कर सकती। यह केवल एक प्रक्रिया है जो आपके समय प्रबंधन, ज्ञान और आत्मविश्वास को परखती है। डीसी ने अंतिम समय की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब कुछ भी नया पढ़ने के बजाय जो पढ़ा है, उसके रिवीजन पर ध्यान दें। परीक्षा के दौरान अच्छा और पौष्टिक आहार लें। मस्तिष्क की कार्यक्षमता बनाए रखने के लिए समय पर सोएं और समय पर उठें। नींद पूरी होना तनाव कम करने की पहली सीढ़ी है।

## खबर संक्षेप


### मोहाना के आर्य स्कूल ने रचा शिक्षा का इतिहास

पूंडरी। रोड समाज के प्रधान सेवक बलकार सिंह पूंडरी ने कहा कि स्व. अमर सिंह सरपंच और एच.सी.एस. स्व. होशियार सिंह मलिक द्वारा गांव मोहाना में स्थापित किया गया आर्य स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल बन चुका है। अमर सिंह सरपंच और एच.सी.एस. स्व. होशियार सिंह मलिक को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए बलकार सिंह ने कहा कि दोनों महान व्यक्तित्व सदा सर्वसमाज में अमर रहेंगे, क्योंकि उन्होंने मिलकर गांव में शिक्षा की जो ज्योति जलाई, वह आज हजारों परिवारों का भविष्य संवार रही है। उन्होंने बताया कि आज इस विद्यालय में लगभग 1400 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिनमें से 400 बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। यह अपने आप में एक सराहनीय और समाज के लिए प्रेरणादायक कार्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से बढ़कर कोई दान नहीं होता और इस पुनीत कार्य ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि गांव मोहाना में आर्य स्कूल की स्थापना केवल एक विद्यालय की स्थापना नहीं थी, बल्कि यह समाज के उत्थान और नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की नींव थी। आज यहां से पढ़कर निकलने वाले विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रहे हैं, जो संस्थापकों की दूरदर्शिता का परिणाम है।

### हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार



कैथल। थाना पुंडरी क्षेत्र में एक युवक की हत्या करने के मामले की जांच थाना पुंडरी पुलिस एसएचओ इंस्पेक्टर शिवकुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव बरसाना निवासी पप्पू को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव मोहना निवासी संजय कुमार की शिकायत अनुसार 22 अक्टूबर 2025 की रात करीब 10 बजे अपने परिवार सहित घर पर दीपावली मना रहा था। इसी दौरान गांव मोहना निवासी गुलाब, छोटू, प्यौंत जिला करनाल निवासी कांटी व गांव बरसाना निवासी सागर उर्फ तरुण, अंकुश, पप्पू समेत 4-5 अन्य युवक हाथों में चाकू, गंडासी और तलवारें लेकर घर पर आ गए। आरोपियों ने आते ही उसके परिवार पर हमला कर दिया। झगड़े के दौरान उसके छोटे बेटे विशाल व पत्नी इंद्रा देवी को बुरी तरह पीटा गया, जिससे विशाल की दोनों बाहों की हड्डियां टूट गई तथा पैरों पर तेजधार हथियारों से वार किए गए।



### कथा के समापन पर भजनों पर झूमे श्रद्धालु

पूंडरी। सेठ दानामल धर्मशाला पूंडरी में समस्त शहर वासियों द्वारा आयोजित 8 दिवसीय श्रीमद भागवत गुरुदेव श्री श्री 1008 संत वैदही शरण जी महाराज की प्रेरणा से श्रीमद् दिव्य भागवत कथा का आज धूमधाम से समापन हो गया। समापन अवसर पर आज सुबह हवन-यज्ञ, जिसमें यजमानों सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित की। इसके पश्चात श्रीधाम वृंदावन से कथा वाचक पूज्य मीरा समदर्शनी ने श्रीमद् भागवत कथा की अमृतवर्षा करते हुए बताया कि कहा कि जिस समय राजा परिक्षित को कथा श्रवण करवाने के लिए ऋषि शुक्रदेव जी पहुंचे तो उस समय हजारों ऋषिमुनी उस स्थल पर बैठे हुए थे।

### विद्यार्थियों को विद्युत अभियांत्रिकी के नवीन आयामों से करवाया अवगत

कैथल। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पुंडरी अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में इलेक्ट्रीशियन एवं वायरमैन ट्रेड के विद्यार्थियों के लिए एक विशेषज्ञ सेमिनार आयोजित किया गया। संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी संदीप राविश ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सतविंदर सिंह रहे, जो जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, वाईएमसीए फरीदाबाद के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे विशेषज्ञ व्याख्यानों का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक मांगों से जोड़ना और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है।

### सतबीर मैराथन में टॉप फाइव में रहे



सीवन। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खेड़ी गुलाम अली के हिंदी प्राध्यापक सतबीर सिंह जगलान ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर केंद्रीय सिविल सर्विस सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड द्वारा आयोजित पाँचवीं हाफ मैराथन में शीर्ष पांच धावकों में स्थान प्राप्त कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता केंद्रीय सिविल सर्विस सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड के तत्वावधान में नई दिल्ली स्थित जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में आयोजित की गई।विद्यालय के प्रधानाचार्य हरपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भव्य मैराथन में देशभर से हजारों की संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं युवाओं ने भाग लिया।

### समाधान शिविर में सुनीं आमजन की शिकायतें

कैथल। सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान आमजन की समस्याएं सुनी। नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने समस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौके पर होने वाली समस्याओं का तुरंत समाधान करें और अन्य समस्याओं का भी जल्द समाधान करें। बिना किसी कारण के शिकायत को ज्यादा समय तक लंबित न रखी जाए। समस्याओं के समाधान में कोई भी लापरवाही न बरती जाए। नगराधीश ने कहा कि लघु सचिवालय स्थित सभागार में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिला स्तर तथा उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं व शिकायतों का समाधान किया जाता है।

## ईंट-भट्ठा मजदूरों की सुध ले प्रशासन : चांदी राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



लाल झंडा भट्ठा मजदूर सीटू जिला कमेटी कैथल की बैठक जिला उपाध्यक्ष चांदीराम की अध्यक्षता में हनुमान वाटिका में संपन्न हुई। मीटिंग में जिला सचिव नरेश कुमार पूर्व प्रधान साहब सिंह ने भी हिस्सा लिया। जिला कमेटी सदस्य राजेश व रामपाल ने हिस्सेदारी दर्ज कराई। प्रेस को दी जानकारी में नरेश कुमार, साहब सिंह व चांदीराम ने बताया ईट भट्टे पर काम करने वाले मजदूर ज्यादातर प्रवासी है और दलित समुदाय से आते हैं। इनके पास अपनी हाथों की मेहनत के अलावा और कोई संपत्ति नहीं है उसके बाद भी अनेक भट्ठा मजदूरों को मुक्त राशन वितरण प्रणाली योजना में भी शामिल नहीं किया गया।

## फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से "इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स एवं पेटेंट फाइलिंग" विषय पर एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल एवं प्रभावी आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के विभिन्न विभागों से लगभग 125 प्राध्यापकों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को बौद्धिक संपदा अधिकारों की अवधारणा, उसके व्यावहारिक महत्व तथा पेटेंट दाखिल करने की विधिवत प्रक्रिया से अवगत कराना था, ताकि वे अपने शोध एवं नवाचार कार्यों को विधिक संरक्षण प्रदान कर सकें।

**परेशानी** | यात्रियों को करना होगा परेशानी का सामना

# अब कैथल से शिमला के लिए नहीं मिल सकेगी सीधी बस सेवा

- अमृतसर के बाद अब विभाग ने शिमला रूट के परमिट को किया रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अब कैथल वासियों को कैथल रोडवेज से शिमला के लिए सीधी बस सेवा नहीं मिल सकेगी। रोडवेज द्वारा बस का संचालन न होने के कारण इसका परमिट रद्द कर दिया है। इस बस सेवा को करीब एक साल पहले ही बसों की कमी के चलते बंद किया गया था। अब इसे दोबारा कैथल से शुरू करने की बजाय स्थायी रूप से दूसरे डिपो को ट्रांसफर कर दिया गया है। विभाग द्वारा अब इस रूट के संचालन की जिम्मेदारी करनाल के असंध सब-डिपो को सौंप दी है। बता दें कि इससे पहले अमृतसर जाने वाली बस सेवा भी कैथल डिपो से हटाई जा चुकी है। लगातार रूट कम होने से डिपो की आय और यात्रियों की सुविधाओं पर असर पड़ेगा।


कैथल। डिपो में खडी बस। फोटो : हरिभूमि

**परमिट रद्द कर दिया**

कैथल डिपो के यातायात प्रबंधक विपुल कुमार नंदल ने बताया कि कैथल से शिमला जाने वाली बस बंद होने के कारण उसका परमिट रद्द कर दिया गया है। असंध को हाल ही में सब डिपो का दर्जा दिया गया है। सब डिपो बनने के कारण अब अमृतसर और शिमला तक जाने वाली बस का संचालन असंध सब डिपो द्वारा किया जाएगा।

**शिमला के लिए थी इकलौती बस सेवा**

शिमला के लिए कैथल डिपो से संचालित होने वाली यह इकलौती सीधी बस सेवा थी। करीब एक साल पहले ही इसे बंद किया गया था। अब परिवहन विभाग ने इस रूट का परमिट ही रद्द कर दिया। संचालन का जिम्मा करनाल रोडवेज प्रबंधन को सौंप दिया गया है। बस अब असंध सब-डिपो से संचालित होगी। इसके संचालन पर फैसला भी इस सब डिपो द्वारा लिया जाएगा।

**यात्रियों को होगी परेशानी**

कैथल से शिमला जाने वाले यात्रियों के लिए यह सीधी सुविधा अब उपलब्ध नहीं रहेगी। पहले यात्री बिना बस बदले सीधे शिमला पहुंच जाते थे। अब उन्हें करनाल या अन्य शहरों से कनेक्टिंग बस लेनी पड़ेगी, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ेंगे। यात्रियों का कहना है कि पर्यटन सीजन में इस बस की काफी मांग रहती थी। खासकर गर्मियों और छुट्टियों के दौरान परिवारों व छात्रों के लिए यह प्रमुख साधन था।

## खबर संक्षेप



### किशोर की हत्या के मामले आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** गुहला क्षेत्र में 11 फरवरी की शाम को छात्रों के दो गुटों के झगड़े में हुई किशोर नवराज की हत्या करने के मामले की जांच थाना गुहला पुलिस के सब इंस्पेक्टर ईश्वर की टीम द्वारा करते हुए आरोपी रामथली निवासी 18.5 वर्षीय लवप्रीत उर्फ लब्बी गुहला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि लवप्रीत और पक्की पिसौल निवासी विनीत के बीच वालीबाल का मैच खेलते समय स्कूल में विवाद हो गया था। इसके बाद विनीत और लवप्रीत ने अपने-अपने दोस्तों को बुला लिया था।

### चोरों ने महिला के गले से सोने का सेट चुराया

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। बलकार कॉलोनी फतेहपुर की महिला आस्था ने कलायत थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 फरवरी को जब वह दोपहर के समय खंडालवा के शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए गई थी तो अज्ञात व्यक्ति उसके गले से सोने का सेट चुरा कर ले गए। चुराए गए सेट की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई गई है। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर विजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अमेरिका से हुई ट्रेड डील, बुर्जुग पेंशन, राशन कार्ड काटने व प्रदेश के युवाओं की अनदेखी का किया विरोध

# कांग्रेसियों ने लघु सचिवालय में किया प्रदर्शन

भाजपा जो कहती है, वह करती नहीं, राहुल गांधी कर रहे बेनकाब : जीतेंद्र बघेल

सड़क से संसद तक कांग्रेस पार्टी उठा रही आमजन की आवाज: रिषिपाल हैबतपुर






मांगों को लेकर प्रदर्शन करते तथा ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने सोमवार को लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया और धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने की। जबकि मुख्यअतिथि के रूप में कांग्रेस प्रदेश सहप्रभारी जितेंद्र बघेल मौजूद रहे। धरने के दौरान अमेरिका के दबाव में की गई ट्रेड डील से किसानों को होने वाले नुकसान को लेकर रोष जताया गया। वहीं सरकार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन काटने, गरीबों के राशन कार्ड काटने, हरियाणा लोक सेवा आयोग के द्वारा नौकरियों में हरियाणा के युवाओं की अनदेखी और बाहरी युवाओं को नौकरी देने पर रोष जताया गया।

रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, एक सद्भाव विचारधारा में विश्वास रखती है। जो महात्मा गांधी के पद चिन्हों पर चल रहे हैं। जिन्होंने देश को आजाद करवाया है। कांग्रेस बाबा साहेब, भगत सिंह, सरदार पटेल के दिखाए पदचिन्हों पर चल रही है लेकिन भाजपा आपस में बाटने का काम करती है। पहले जातियों में बाटेगी, यह उसका मूल मंत्र है। बीजेपी अंग्रेजों की तरह है डिवाइड एंड रूल। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में जिला अध्यक्ष बन चुके हैं, नई कमेटी या आ चुकी हैं। कमेटीयां सक्षम चल रही हैं। जल्द ही हल्का प्रधान, ब्लॉक प्रधान की लिस्ट रिलीज होने वाली है। वो चाहते हैं जो भी बने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा का हो, कांग्रेस में विश्वास रखने वाला हो।

**पेंशन बहाल व बेरोजगारों को रोजगार दें: जितेंद्र**

कांग्रेस प्रदेश सहप्रभारी जितेंद्र बघेल ने कहा कि वृद्ध लोगों की बुढ़ापा पेंशन काटी गई है, उनकी पेंशन बहाल कि जाए, युवाओं को रोजगार दिया जाए। क्योंकि हरियाणा के युवा इतने पढ़े लिखे हैं जो हर चीज में सक्षम हैं। इसके साथ ही अमेरिका के साथ ट्रेड समझौता हुआ है, उस पर 18 प्रतिशत टैक्स लगाया है। जो हमें बहुत नुकसान पहुंचाएगी। किसानों को लचर बनाने के लिए व्यवस्था उनको कमजोर स्थिति में लाने के लिए यह भाजपा सरकार की सोची समझी चाल है। इसलिए डीआरओ जींद के माध्यम से ज्ञापन दिया है ताकि हमारी बात महामहिम राष्ट्रपति तक पहुंचाई जाए। कांग्रेस पार्टी पूरे हरियाणा में इसको पूरे जोर से विरोध कर रही है।

**एपस्टीन फाइल को अभी तक रिलीज नही किया: रिषिपाल**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि भाजपा तीन काले कानून के बारे में भी यही कहती थी किसानों को आतंकवादी बताया। उन्होंने किसानों को अर्बन नक्सल बताया। भाजपा जो कहती है, वह करती नही है। भाजपा हमेशा दुष्प्रचार करती है। भाजपा को हमेशा अपने गिरेबार में झांकना चाहिए। भाजपा के जितने भी लोग हैं, झूठ बोलने के अलावा कोई काम नहीं करते हैं। आरएसएस उनको यही सिखाती है कि कैसे झूठ बोला जाए। हमारे भोले भाले किसान, युवा, महिलाओं को किस तरीके से भ्रमित किया जाए। राहुल गांधी ने कहा था एपस्टीन फाइल में बहुत माल है लेकिन अभीतक रिलीज नही किया गया है। उस मॉल में कौन-कौन शामिल हो सकते हैं, खुद प्रधानमंत्री भाषण नहीं दे पा रहे हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर कांग्रेस के जिला प्रभारी रिषि यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष बलराम कटवाल, पूर्व विधायक सुरजभान काजलख पूर्व विधायक सूबे सिंह पूनिया, पूर्व विधायक सुभाष गांगोली, प्रदेश प्रवक्ता जगबीर ढिगाना, राजू लखीना, अशोक मलिक, दिनेश डाहोला, ईशाक खान भट्टी, दीपक पिंडारा, अमनदीप, सतपाल सत्तू आदि मौजूद रहे।

## बीजेपी की जन-विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला कांग्रेस कमेटी कैथल ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुदीप सुरजेवाला व जिलाध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढांड के नेतृत्व में जिला सचिवालय में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला आयुक्त के माध्यम से तहसीलदार को एक विस्तृत विरोध ज्ञापन सौपा। यह ज्ञापन भारत-अमेरिका ट्रेड डील, बुजुर्गों की पेंशन में सख्त मापदंड और कटौती, राशन कार्ड से लाखों गरीबों के नाम काटने तथा हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन में स्थानीय युवाओं की अनदेखी जैसे मुद्दों पर केंद्रित है।

सुदीप सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा की केंद्र और हरियाणा सरकार की ये नीतियाँ न केवल जन-विरोधी हैं, बल्कि संविधान की भावना– समानता, न्याय और जनकल्याण– का सीधा उल्लंघन हैं। भारत-अमेरिका ट्रेड डील से हमारे किसानों की फसलें सस्ते आयात से तबाह हो जाएंगी, खाद्यान्न सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। बुजुर्ग, जो राष्ट्र निर्माण में जीवन समर्पित कर चुके हैं, अब पेंशन से वंचित हो रहे हैं। राशन कार्ड काटने की प्रक्रिया गरीबी उन्मूलन नहीं, गरीबों का उन्मूलन है और एचपीएससी में हरियाणा के योग्य युवाओं को बाहरियों के आगे कुचला जा रहा है। हम राष्ट्रपति से अपील करते हैं कि वे हस्तक्षेप करें और सरकार को जनहित में सुधार के निर्देश दें। यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो हम शांतिपूर्ण आंदोलन तेज करेंगे।



**कैथल।** लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते कांग्रेसी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि



कैथल। तहसीलदार को ज्ञापन सौपते कांग्रेसी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

**ज्ञापन के माध्यम से प्रमुख में ट्रेड डील**

किसानों की भागीदारी सुनिश्चित हो, अन्यथा रद्द की जाए – यह आर्थिक गुलामी का रास्ता है।

**बुजुर्ग पेंशन:**

मापदंड सरल और समावेशी हों (संविधान अनुच्छेद 41 के अनुरूप)।

**राशन कार्ड:**

नाम काटने की प्रक्रिया तुरंत रोकी जाए, कटे नाम पुनः जोड़े जाएं।

**एचपीएससी:**

हरियाणा के युवाओं को प्राथमिकता, चयन में पारदर्शिता।

**ये रहे मौजूद**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि कैथल और पूरे हरियाणा के किसान, बुजुर्ग, गरीब परिवार और युवा आज सड़कों पर हैं। हमारी मांगें सरल हैं– ट्रेड डील की समीक्षा हो, पेंशन मापदंड सरल बनें, राशन कार्ड बहाल किए जाएँ, और एचपीएससी में हरियाणा के युवाओं को प्राथमिकता मिले। प्रदर्शन में पूर्व विधायक जोगी राम, सुरेंद्र रांझा, रामनिवास मित्तल, व राजेन्द्र शर्मा बलवंती सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### मौसम ने फिर से ली करवट, आसमान में छाई धुंध

**सीवन।** पिछले कुछ दिनों से मौसम में सर्दी का असर कम था और दिन के समय हल्की तपिश महसूस की जा रही थी, लेकिन आज सुबह सीवन क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह करीब 6 बजे इलाके में घनी धुंध छा गई, जिससे वातावरण पूरी तरह ठंडक और नमी से भर गया। धुंध इतनी गहरी थी कि सड़कों पर दृश्यता काफी कम हो गई और वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। यह स्थिति लगभग दो घंटे तक बनी रही, जिसके कारण लोगों को दोबारा सर्दी का एहसास होने लगा। करीब दो घंटे बाद सूर्य निकलते ही धुंध धीरे-धीरे छंट गई और मौसम फिर से सामान्य हो गया।

### केंद्रीय माध्यमिक विद्यालय बोर्ड की परीक्षाओं के दौरान जिले में लगी धारा 163

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने केंद्रीय माध्यमिक विद्यालय बोर्ड नई दिल्ली द्वारा 17 फरवरी से 11 अप्रैल 2026 तक 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं की आयोजित करवाई जा रही परीक्षाओं को नकल रहित एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से जिला में स्थित परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। जारी किए गए आदेशों के तहत जिला में स्थित परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में 17 फरवरी से 11 अप्रैल 2026 तक पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पाबंदी रहेगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में स्थित फोटोस्टेट की दुकानें भी परीक्षा अवधि के दौरान 10 बजे से 1:30 बजे तक बंद रहेंगी। यह आदेश परीक्षा डियूटी पर तैनात कर्मचारियों व पुलिस बल के जवानों पर लागू नही होंगे। इन आदेशों की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।



### राजौंद मुख्य मार्ग पर गंदे पानी से परेशानी

**राजौंद।** शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित सरकारी स्कूल के सामने गंदे पानी की निकासी न होने के कारण पानी सड़क पर भर गया। जिससे स्कूल में आने-जाने वाले बच्चों, अभिभावकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है। सफाई और उचित निकासी व्यवस्था न होने के कारण सारा गंदा पानी सड़क पर भर जाता है। नागरिकों ने बताया कि कैथल-असंध मार्ग पर सीवरेज डालने का कार्य भी काफी धीमी गति से चल रहा है, जिसके कारण गंदे पानी की समस्या और बढ़ गई है। अधूरा व धीमा निर्माण कार्य लोगों के लिए रोजाना परेशानी का कारण बन रहा है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## समिति बसों में बस पास और वृद्धों से दुर्व्यवहार पर जताया रोष

**प्रशासन से मिल कर इसका समाधान करवाया जाएगा**

■ रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन समस्या को लेकर जल्द मिलेगी डीसी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन की बैठक वरिष्ठ उप प्रधान खजान सिंह खटकड़ की अध्यक्षता में जाट धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक का एजेंडा महासचिव कुलदीप सिंह गोयत ने पेश किया। वरिष्ठ उप प्रधान खजान सिंह खटकड़ ने बताया कि सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों, हैप्पी कार्ड धारकों, विकलांगों आदि को सरकारी बसों व समिति की बसों में मुफ्त या रियायती दरों पर यात्रा करने की सुविधा प्रदान की गई है लेकिन समिति की बसों में इन सभी को यह सुविधा प्रदान नही की जा रही है बल्कि उनके साथ बसों में दुर्व्यवहार भी किया जाता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रशासन से मिल कर इसका समाधान करवाया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर मियां सिंह, शमशेर सिंह ढांडा, शीशपाल लोहान, जय नारायण, बलवान सिंह, जगदीश चंद्र, डा. सतवीर सिंह, भीम सिंह, दलबीर सिंह, सेवा सिंह, बलवंत सिंह, करण सिंह, रोशन लाल, सत्यनारायण, लख्मीचंद, उमेद सिंह, फतेह सिंह आदि मौजूद रहे।

## बीजेपी जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

■ पांच लाख से गली व चार लाख से शैड का हुआ निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय जनता पार्टी कैथल जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने गांव जुलानीखेड़ा में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 5 लाख की लागत से निर्मित गली का उद्घाटन किया गया, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुगमता मिलेगी और गांव का स्वरूप और अधिक सुंदर व व्यवस्थित बनेगा। इसके उपरांत जुलानीखेड़ा राजकीय माध्यमिक विद्यालय में ₹4,00,000 की लागत से तैयार शेड का उद्घाटन किया गया। इस शेड के निर्माण से विद्यार्थियों को बैठने, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। विद्यालय में बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यूएचबीवीएन के सहयोग से वाटर कूलर एवं आरओ सिस्टम भी स्थापित करवाया गया, ताकि विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में भाजपा कैथल जिला उपाध्यक्ष जंगीर सिसला, सरपंच नरेंद्र जुलानीखेड़ा सहित अनेक गणमान्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### वर्ष 2022 दौरान लड़ाई झगड़ा करने के मामले में भगोड़ा आरोपी काबू

**कैथल।** चौकी अनाज मंडी प्रभारी एएसआई दयानंद की अगुवाई में एएसआई जयपाल द्वारा वर्ष 2022 दौरान लड़ाई झगड़ा कर दुकान के शीशे तोड़ने के मामले में उद्घघोषित अपराधी चंदाना गेट कैथल निवासी आरोपी अक्ष उर्फ काकू को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 9 अप्रैल 2022 को रेलवे गेट कैथल पर एक व्यक्ति के साथ लड़ाई झगड़ा करके वहां स्थित एक दुकान के शीशे तोड़ने का आरोप है। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज है।

## 1 करोड़ 78 लाख रुपये से होगा गोदाम का नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा मार्केट कमेटी गोदाम के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ करते हुए।

पूंडरी में कैथल-करनाल रोड स्थित मार्केट कमेटी गोदाम के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ विधायक सतपाल जांबा द्वारा किया गया। लगभग एक करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस कार्य के तहत गोदाम की छत की मरम्मत, परिसर की सड़क सुधार, चारदीवारी निर्माण तथा कार्यालय की रिपेयर जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि किसानों और आढ़तियों को सुरक्षित एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा मंडी क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूत करना आवश्यक है, ताकि किसानों की उपज सुरक्षित रहे और कार्यप्रणाली सुचारू रूप से चल सके। यह नवीनीकरण कार्य मंडी व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाएगा। उन्होंने बताया कि इन सुधार कार्यों से न केवल भंडारण व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि मंडी परिसर में सुगमता और सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। विधायक ने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ और समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। विधायक ने कहा कि मजबूत आधारभूत ढांचा ही क्षेत्र के समग्र विकास की नींव है और इसी दिशा में पूंडरी में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उपस्थित जनों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे किसानों के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया।

### रक्तदान एक सामाजिक कार्य ही नहीं बल्कि मानवता की सबसे बडी सेवा : राजकुमार



**जींद।** रक्तदान एक सामाजिक कार्य ही नही बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। यह वक्तव्य अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने दिया। गोयल बराह खुर्द गांव में शहीद भगत सिंह युवा क्लब द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन युवा प्रधान साहिल खान व उसकी टीम द्वारा किया गया। गोयल ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह सबसे बड़ी सेवा है। दुर्घटनाओं, ऑपरेशन, प्रसव एवं गंभीर बीमारियों के दौरान रक्त की अत्यंत आवश्यकता होती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान किसी के लिए जीवनदान सिद्ध हो सकता है। गोयल ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक कार्य नहीं बल्कि यह जीवन बचाने का माध्यम है। हमारा दिया हुआ एक यूनिट रक्त तीन लोगों तक की जान बचा सकता है। इससे बड़ा पुण्य और क्या हो सकता है। रक्तदान से न तो शरीर में कमजोरी आती है और न ही कोई हानि होती है बल्कि शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया तेज होती है।

**समस्या** — अस्पताल में 14.91 करोड़ की लागत से करवाया जा रहा जीर्णोद्धार का काम

# पुरानी बिल्डिंग में शौचालय के पास लगाई टाइलें चटकी

■ एक माह में टाइलों का चटकना खराब गुणवता को करता है उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** नागरिक अस्पताल पुरानी बिल्डिंग में शौचालय के पास चटकी टाइलें। फोटो : हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में 14.91 करोड़ से करवाए जा रहे जीर्णोद्धार के कार्य पर लगातार सवालिया निशान लगते रहे हैं। कभी गुणवत्ता को लेकर तो कभी काम सही तरीके से न होने पर आवाज उठाई जाती रही है। पुरानी बिल्डिंग में शौचालय के पास लगाई गई टाइलें अभी से चटक गई हैं। जबकि इन टाइलों को लगाए हुए एक माह भी नही हुआ है। यहां जो टाइलें लगाई गई हैं, इन पर चलते हुए खोखले पन का अहसास होता है। एक माह में ही टाइलों का चटकना निर्माण की खराब क्वालिटी को उजागर करती है। हालांकि स्वास्थ्य प्रशासन ने इस पर संज्ञान लिया है और निर्माण ठेकेदार को ठीक करने के लिए कहा है।

**टूटी हुई टाइलों को जल्द ही ठीक करवाया जाएगा**

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि टूटी हुई टाइलों को जल्द ही ठीक करवाया जाएगा। फिलहाल अस्पताल में रेनोवेशन का कार्य चला हुआ है। जहां भी जो कमियां नजर आ रही हैं, उन्हें दुरूस्त करवाया जा रहा है।

**केवल 15 दिन हुए हैं शौचालय को खुले**

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में शौचालयों का जीर्णोद्धार हुआ है। शौचालय के अंदर व बाहर टाइलें व पत्थर लगाए गए हैं। पहले तो शौचालयों पर से ताले खुल नही रहे थे। अब ताले खुले हैं तो शौचालय के निकट ही जो टाइलें लगाई गई हैं, वो चटक गई हैं। धीरे-धीरे यह टाइलें टूटनी शुरू हो गई हैं। जो यहां करवाए गए जीर्णोद्धार कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रही है। पिछले कुछ समय से अस्पताल में चल रहे इस बड़े पैमाने के नवीनीकरण कार्य पर स्थानीय लोगों और मरीजों की ओर से लगातार शिकायतें आ रही हैं। विजिलेंस अधिकारी भी जांच के लिए अस्पताल आ चुके हैं। बावजूद इसके काम की गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे हैं।

### मीनाक्षी जूनियर एवं रिद्धिमा सब जूनियर रग्बी टीम की कप्तान

**जींद।** खेलो इंडिया अश्मिता रग्बी लीग उत्तर भारत का आयोजन 17 एवं 18 फरवरी को हरिद्वार के रोशनाबाद स्टेडियम में होगा। जिसमें हरियाणा प्रदेश की सीनियर महिला अंडर 18 एवं अंडर 15 की टीमें भाग लेंगी। गांव खरकड़ी हिसार में सीनियर एवं अंडर 18 टीमों के प्रशिक्षण शिविर के समापन पर भाग लेने वाली टीमों का चयन किया गया। सब जूनियर लड़कियों का प्रशिक्षण शिविर गांव बीबीपुर जींद में लगाया गया था। इस प्रतियोगिता में उत्तर भारत के आठ राज्यों की टीमें भाग लेंगी। टीम कोच अमन मलिक होंगे तथा टीम मैनेजर सुदेश कुमारी होंगी। जूनियर टीम में खिलाड़ियों मीनाक्षी जींद को कप्तान और कुसुम हिसार को उपकप्तान बनाया गया है।